उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः– 165/12/डा.ए.ऑ./G-2/2023-24 **दिनांकः 20 सितम्बर 2023**

विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, परीक्षा–2023** के अन्तर्गत दिनांक 26 जुलाई 2023 को प्रयोगात्मक परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन हेतु सूची निर्गत की गयी थी, जिसके क्रम में दिनांक 11 अगस्त 2023 को अभ्यर्थियों के लिए टंकण परीक्षा आयोजित करते हुए अभिलेख सत्यापन किया गया। टंकण परीक्षा एवं अभिलेखों के सत्यापन के आधार पर विज्ञापित पदों के सापेक्ष अपेक्षित संख्या में अर्ह अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण अभिक्षमता (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा की प्रवीणता सूची से प्रयोगात्मक परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन हेतु अनुपूरक सूची आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। इस अनुपूरक सूची के क्रम में कट ऑफ मार्क्स भी आयोग की वेबसाईट पर प्रसारित किये गये हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त सूची के अनुक्रमांक के अभ्यर्थियों के लिए कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा आयोजित करने के साथ ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों का परीक्षण अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों से किया जायेगा। इस संबंध में टंकण परीक्षा तिथि सहित विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रसारित किये जायेंगे।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।